टीवी सीरियलों में इतिहास को तोड़-मरोड़कर दिखाया जाता है

कालेज प्राचार्य डा. तेजबीर सिंह को बुके देकर स्वागत करते हुए। ● जागरण

साढौरा : डीएवी कालेज में इतिहास विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें डीएवी कालेज अंबाला के इतिहास विभाग के अध्यक्ष डा. चांद सिंह मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने इतिहास के तथ्यों व उनकी गलत व्याख्या की मौजूदा धारणा पर विस्तार रखे। डा चांद सिंह ने कहा कि फिल्म व धारावाहिकों में इतिहास के तथ्यों को आर्थिक लाभ के लिए तोड़ मरोड़ कर दिखाया जाता है जो एक गंभीर समस्या है। कालेज के इतिहास विभाग के अध्यक्ष डा गुरमेज सिंह ने भी विचार रखें। कालेज प्राचार्य डा. तेजबीर सिंह ने कहा कि इतिहास के तथ्यों से छेड़छाड़ के प्रति विद्यार्थीयों को सचेत रहने की आवश्यकता है।